मेट्रो के सीतापुरा से अंबाबाड़ी फेस की डी.पी.आर. नये सिरे से बनाने के निर्देश

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता पर है। इसे देखते हुए जयपुर मेट्रो को देश भर में मॉडल मेट्रो के रूप में विकसित किया जाये। इस प्रोजेक्ट में खर्चे व लागत का समुचित आकलन किया जाये ताकि वित्तीय संसाधनों का सदुपयोग होने के साथ ही आमजन के लिए भी बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

■ **जयपुर मेट्रो को देश भर में मॉडल के रूप में विकसित करें : भजनलाल शर्मा**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा, शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता, टी. रविकान्त, जयपुर मेट्रो के सीएमडीपी. रमेश सहित जेएमआरसी के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने मेट्रो के नए फेज सीतापुरा से अंबाबाड़ी एवं विद्याधर नगर तक विस्तार की डीपीआर नए सिरे से बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि 100 दिवसीय कार्ययोजना में शामिल जयपुर मेट्रो के फेज 1-डी (मानसरोवर से 200 फीट बाईपास पर अजमेर रोड चौराहे तक) का शिलान्यास भी शीघ्र किया जाए। शर्मा ने कहा कि जयपुर मेट्रो की कनेक्टिविटी में शहर के भीड़ वाले प्रमुख स्थलों को सम्मिलित किया जाए। साथ ही भविष्य में इसके विस्तार की संभावनाओं का भी ध्यान रखा जाए।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री)शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव (मुख्यमंत्री)आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव (नगरीय विकास)टी. रविकान्त, जयपुर मेट्रो के सीएमडीपी. रमेश सहित जेएमआरसी के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

राजधानी जयपुर में मौसम बदलने पर रोज बादल आंख मिचौली खेलते नजर आये। शुक्रवार को भी दिनभर धूप खिलने के बाद शाम को काली घटाएं छायी और बिजली कड़कने के साथ ही बारिश शुरू हुई।

डॉ. दिनेश कुमार को मिली सर्न की विजिटिंग फैलोशिप

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय फिजिक्स डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिनेश कुमार को स्विट्जरलैंड स्थित यूरोपीय संघ की न्यूक्लियर रिसर्च के क्षेत्र में विश्व की प्रमुख मानी जाने वाली न्यूक्लियर लैबोरेट्री सर्न द्वारा विजिटिंग फेलोशिप प्रदान की गई है।

कच्चे मकान में आग लगने से तीन साल की मासूम बच्ची जली

जयपुर। जयपुर ग्रामीण जिले के कालाडेरा इलाके में शुक्रवार को कच्चे मकान में आग लगने से तीन साल की मासूम बच्ची जिंदा जल गई। वहीं आग की चपेट में आने से डेढ़ साल की बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई। बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि इलाके में स्थित बरसिंहपुरा गांव में शुक्रवार तीन बजे के आसपस एक कच्चे मकान के बाहर चार बहन खेल रही थी। इसी दौरान मकान में आग लग गई।

संदीप भटनागर बने एस.बी.आई. राजस्थान प्रमुख

जयपुर, (का.सं.)। संदीप भटनागर ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) जयपुर मंडल के राजस्थान प्रमुख के रूप में मुख्य महाप्रबंधक का कार्यभार राजेश कुमार मिश्रा से ग्रहण किया। मिश्रा वर्तमान पद पर सफलतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के बाद 29 फरवरी को रिटायर हो गये हैं। भटनागर ने वर्ष 1994 में प्रोबेशन ऑफिसर के रूप में बैंक में सेवा की शुरूआत की।

जे.जे.एम.घोटाले में ईडी ने ठेकेदार के बेटे को गिरफ्तार किया

जयपुर। जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएचईडी के ठेकेदार पदम चंद जैन के बेटे को गिरफ्तार किया है। ईडी ने आरोपी पीयूष जैन को कोर्ट में पेश कर 4 दिन का रिमांड लिया है।

ईडी ने इस साल 17 जनवरी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत जयपुर और बांसवाड़ा जिलों में 8 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान 11.42 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति जब्त की थी। उस दौरान ईडी ने अहम साक्ष्य और दस्तावेज बरामद किए थे। पूर्व पीएचईडी मंत्री महेश जोशी, पीएचईडी के अधिकारियों और निजी व्यक्तियों के आवासीय परिसरों में तलाशी ली गई थी। सूत्रों के अनुसार पीयूष जैन को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ बाद उसे गिरफ्तार किया। पीयूष के पिता ठेकेदार पदम चंद जैन को पिछले साल 2.20 लाख रुपए के भ्रष्टाचार मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था।

सूत्रों के अनुसार ईडी को इस गिरफ्तारी से राजस्थान में जल जीवन मिशन घोटाले में शामिल धन के लेन-देन के बारे में और जानकारी मिलेगी। इससे पहले पिछले साल नवंबर में ईडी ने पीएचईडी के इंजीनियरों और अन्य अधिकारियों के आवासीय और कार्यालय परिसरों सहित 23 स्थानों पर तलाशी ली थी।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)

अंचल कार्यालय: जयपुर 30-31, मोहन टॉवर, प्रिंस रोड विद्युत नगर, अजमेर रोड, जयपुर -302021
फोन नंबर: 0141-2358350,2358628

परिसर चाहिए अनूपगढ़, जिला- अनूपगढ़

राजस्थान में बैंक की शाखा खोलने के लिए निम्नलिखित स्थान पर भूतल स्थित परिसर के लिए दो बोली प्रणाली के तहत न्यूनतम 15 साल के लिए लीज आधार पर 1000-1200 वर्ग फुट एरिया वाले परिसर के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है:-

क्र.सं.	जगह जहाँ शाखा खोलनी है	कारपेट एरिया (वर्गफीट में)
1.	अनूपगढ़, जिला- अनूपगढ़	1000-1200

बीड जमा करवाने की अंतिम तिथि 21.03.2024 होगी
अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं www.punjabandsindbank.co.in
आंचलिक प्रबंधक

राजस्थान सरकार
कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652,
Email :- uit_sgnr@yahoo.com,
Office Address:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियोजन/2024/3008
विज्ञप्ति दिनांक : 29.02.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 39/41 किला नं. 6 में भूखण्ड माप 25'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय पटटा सं. 261 दिनांक 06.07.2011 द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री रामप्रताप के नाम से जारी है। श्री राजेन्द्र कुमार द्वारा भूखण्ड माप 25'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 में उक्त आवेदित भूमि का प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय दर्शाया गया है। नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के अधिसूचना क्रमांक प.11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021 अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूमि का आवासीय रूपान्तरित भूमि से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस की समयावधि में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। - **सचिव**, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार
कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652,
Email :- uit_sgnr@yahoo.com,
Office Address:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- भूवि/2023-24/972-973
उजरदायरी दिनांक : 01.03.2024

नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर की सुदामा नगर द्वितीय योजना में लॉटरी में आवंटित भूखण्ड सं. 11 माप 20'-0'' गुणा 40'-0'' फीट को श्रीमती विजय लक्ष्मी पत्नी श्री राजेन्द्र सोनी को आवंटित किया हुआ है। आवंटी द्वारा पटटा जारी न करवाते हुए अपंजीकृत इंकारनामें के आधार पर श्रीमती रणजीत कौर पत्नी श्री हजूर सिंह को विक्रय किया गया। आवेदक श्रीमती रणजीत कौर पत्नी श्री हजूर सिंह निवासी 11, सुदामा नगर द्वितीय, श्रीगंगानगर द्वारा अपंजीकृत इंकारनामा, शपथ पत्र की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड को अपने नाम नियमानुसार फ्री होल्ड पटटा जारी किये जाने हेतु निवेदन किया है। यह उजरदारयरी सायया करते हुए हर आम व खास, हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के वारिसान/वसीयत के संबंध में किसी को कोई एतराज हो तो उजरदारयरी प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में मय सबूत न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के बाद कोई उजर मान्य नहीं होगा एवं न्यास कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा श्रीमती रणजीत कौर पत्नी श्री हजूर सिंह निवासी 11, सुदामा नगर द्वितीय, श्रीगंगानगर के नाम से जारी करने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
- **सचिव**, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

जेडीए सीवेज लाइन को एसटीपी में जोड़ें : हाईकोर्ट

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर के अंबाबाड़ी इलाके की सीवरेज लाइन का पानी द्रव्यवती नदी में मिलने और इससे जल व वायु प्रदूषण फैलने को चुनौती देने के मामले में जेडीए को निर्देश दिए हैं। अदालत ने जेडीए को कहा है कि वह क्षेत्र में सीवरेज लाइन को एसटीपी में जोड़े और नीरी की रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई करे। वहीं इस संबंध में याचिकाकर्ता की ओर से दिए गए शिकायती पत्र व प्रतिवेदनों पर भी तीन महीने में उचित कार्रवाई करे। जेडीए क्षेत्र में वायु व जल प्रदूषण रोकने के लिए कार्रवाई भी सुनिश्चित करे। वहीं यदि जेडीए मामले में उचित कार्रवाई नहीं करे तो याचिकाकर्ता मामले को दुबारा अदालत के समक्ष लाने के लिए स्वतंत्र है। सीजे एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश अंबाबाड़ी विकास समिति के सचिव आलोक गुप्ता की जनहित याचिका पर दिए।

■ **नीरी की रिपोर्ट के अनुसार काम करने का आदेश**

याचिका में अधिवक्ता गोपाल सिंह बारहठ ने बताया कि अंबाबाड़ी इलाके में डेजर्ट इन के पास जेडीए ने सीवरेज लाइनों को एसटीपी में नहीं जोड़ा है और इसके चलते स्थानीय कॉलोनियों के सीवरेज का गंदा पानी द्रव्यवती नदी में आकर मिल रहा है। वहीं नीरी ने अपनी रिपोर्ट में सीमेंट-कंक्रीट का पक्का चैनल बनाने के लिए कहा था, लेकिन यह जगह अभी भी कच्ची ही है और इसे अब तक पक्का नहीं किया गया है। ऐसे में जेडीए नीरी की रिपोर्ट के अनुसार काम नहीं कर रहा है। इससे स्थानीय क्षेत्र में जल व वायु प्रदूषण हो रहा है और इलाके के करीब पांच लाख लोग प्रभावित हो रहे हैं। याचिकाकर्ता ने जेडीए को नीरी की रिपोर्ट के अनुसार द्रव्यवती नदी में सीवरेज का गंदा पानी रोकने, सीवरेज लाइन को एसटीपी में जोड़ने व सीमेंट-कंक्रीट का चैनल बनाने के लिए प्रतिवेदन दिया था, लेकिन जेडीए ने कोई भी कार्रवाई नहीं की। इसलिए इलाके में नीरी रिपोर्ट की पालना करवाते हुए सीवरेज लाइन को एसटीपी में जोडा जाए।

एएनएम भर्ती की अंतिम चयन सूची पर अंतरिम रोक

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अर्जेन्ट टेम्परेरी बेसिस के आधार पर हो रही एएनएम भर्ती-2023 में जयपुर जिले के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने को चुनौती देने के मामले में भर्ती की अंतिम चयन सूची व नियुक्ति आदेश जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने चिकित्सा सचिव, चिकित्सा निदेशक व सीएमएचओ जयपुर से 22 मार्च तक जवाब मांगा है। जस्टिस गणेश राम मीणा ने यह आदेश अलवर निवासी संयोगिता यादव की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता सोगत रॉय ने बताया कि राज्य सरकार ने 11 अगस्त 2023 को भर्ती विज्ञापन जारी कर यूटीबी के आधार पर एएनएम की नियुक्ति के लिए भर्ती निकाली। इसमें जयपुर जिले के अभ्यर्थियों को ही प्राथमिकता देने के लिए कहा। ऐसे में याचिकाकर्ता के जयपुर से बाहर अलवर जिले का निवासी होने के चलते उसे दस्तावेज सत्यापन के लिए नहीं बुलाया गया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि वह मेरिट में आ रही है, लेकिन जयपुर से बाहर का होने के कारण उसे नहीं बुलाया है। जबकि मेडिकल एंड हैल्थ अधीनस्थ सेवा नियम 1965 के तहत मेरिट के आधार पर ही नियुक्ति होनी चाहिए और इसे नकारा नहीं जा सकता। इसलिए याचिकाकर्ता के दस्तावेज सत्यापन का निर्देश देते हुए उसे नियुक्ति दी जाए। अदालत ने मामले में सुनवाई करते हुए अंतिम चयन सूची व नियुक्ति आदेश पर रोक लगा दी। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए अंतिम चयन सूची और नियुक्ति आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है।

कछुए की तस्करी करने वाले दो लोग गिरफ्तार

जयपुर। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने वन्यजीवों की तस्करी करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से दो कछुए और तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि सांगानेर सदर को इलाके में वाटिका रिंग रोड के पास एक बोलेरो गाड़ी से दो व्यक्तियों द्वारा वन्य जीव कछुओं का शिकार कर तस्करी करने के लिए लाने की जानकारी मिली थी। इस पर पुलिस टीम द्वारा दादिया गांव के पास रिंग रोड स्लिप लेन पर पहुंचे तो वहां पर एक बोलेरो कार खड़ी मिली।

कार में सवार लालसोट दौसा निवासी 25 वर्षीय रविशंकर मीणा उर्फ रवि तथा 27 वर्षीय हरिराम मीणा उर्फ पायलट के पास मिले बैग की तलाशी ली तो उसमें दो कछुए मिले, जो कि संरक्षित प्रजाति के थे। इन कछुओं को अवैध रूप से तस्करी के लिए लाया गया था।

बीकानेर नगर निगम
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक :- निर्माण/2023-24/4072 दिनांक :- 26/02/2024

ई- निविदा-सूचना सं0 263/2023-24

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट **www.bikanermc.org** Web site **www.sppp.raj.nic.in** से व **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत :- 19.36 लाख

UBN Number :- DLB2324WSOB33713

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद/सी/23/14042

गर्मियों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

जयपुर। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के निर्देशों की अनुपालना में सभी जिलों के कलक्टर को गर्मियों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किये गए हैं। शुक्रवार को शासन सचिवालय में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में अभियंताओं के साथ समर कंटीन्जेसी संबंधी कार्यों पर चर्चा की गई। शासन सचिव डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में समर कंटीन्जेसी कार्यों के लिए वित्त विभाग से आवश्यक स्वीकृत सहमति प्राप्त करने हेतु विभाग के वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य अभियंता की मौजूदगी में चर्चा की गई।

परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठने का खुलासा, एक आरोपी पकड़ा

जयपुर। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए सहायक अभियंता सिविल (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा वर्ष-2022 में डमी अभ्यर्थी बैठने का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। फिलहाल एसओजी की टीम पूछताछ करने में जुटी है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी वीके सिंह ने बताया कि एसओजी ने इन्द्राज सिह निवासी मंडला, जिला झुंझुनूं हाल अजमेर रोड जयपुर को गिरफ्तार किया गया है।इस प्रकरण में आरोपित के संगठित गिरोह के अन्य साथियों की तलाश जारी है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को एसओजी थाना जयपुर में धारा 419, 420, 467, 468, 120 बी, भादस व 3 व 10 राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2022 का मामला दर्ज किया गया था।

सभी क्षेत्रों में भारत को अग्रणी करने के लिए मिलकर प्रयास करें : राज्यपाल

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने युवाओं का आव्हान किया है कि वे "विकसित भारत 2047" की संकल्पना के अंतर्गत सभी क्षेत्रों में भारत को अग्रणी करने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए शिक्षा के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी और उद्यिमता की बड़ी भूमिका होगी। शिक्षण संस्थान इसी अनुरूप भविष्य की दृष्टि के लिए कार्य करें।

मिश्र शंकरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा आयोजित 'शंकरा ग्लोबल हैकाथॉन' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हैकाथॉन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे युवाओं को उनकी आवश्यकताओं के अनुकूल उद्यमिता के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। उन्होंने शिक्षा को सर्वांगीण विकास का आधार बताते हुए कहा कि बढ़ती आबादी और

■ **'विकसित भारत की संकल्पना साकार करने में युवाओं की अहम भूमिका'**

जरूरतों के हिसाब से तकनीक आधारित सुनियोजित विकास जरूरी है।

उन्होंने प्रौद्योगिकी, शोध और अनुसंधान तथा नवाचारों का सही इस्तेमाल राष्ट्र निर्माण में लिए जाने पर जोर दिया।

इससे पहले उन्होंने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं उनके शोध कार्यो को नई दिशा देने के लिए प्रकाशित तकनीकी शिक्षा से जुड़ी "टेक्नीकोन" पत्रिका और हिंदी में कृषि विषयक पत्रिका 'किसान इन्टरनेशनल' का लोकार्पण किया। 'शंकरा ग्लोबल हैकाथॉन में देशभर के तकनीकी संस्थानो, विभिन्न विष्वविद्यालयों, आईआईटी, एनआईटीज के आचार्य और विद्यार्थी भाग ले रहे है।

राज्यपाल ने हैकाथॉन में शैक्षिणक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों, इनोवेशन और स्टार्टअप से जुड़े विभिन्न आयोजनों में देश भर में उम्दा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति एस. के. सिंह, कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के प्रो. बलराज सिंह, पोलैंड, लिथुनिया आदि विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षाविदों ने तकनीक के जरिए शैक्षिक विकास के संबंध में विचार रखे।

राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन में शुक्रवार को नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

'आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें'

जयपुर, (का.सं.)। संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषि मलिक ने कहा कि जयपुर संभाग में आमजन को बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित हों इसके लिए चिकित्सा अधिकारी हर संभव प्रयास करें। इसके लिए चिकित्सा अधिकारी मेरा अस्पताल मेरा वार्ड अभियान के तहत क्षेत्र के भामाशाहों से समन्वय कर चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर जरूरी चिकित्सकीय उपकरण, इंतजाम एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। यह बात उन्होंने शुक्रवार को संभागीय आयुक्तालय स्थित सभागार में चिकित्सा अधिकारियों की बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा अधिकारी प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देशन में समय पर मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठकों का आयोजन कर चिकित्सालयों के विकास कार्यों, कार्मिकों, दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि जमीन आवंटन संबंधी मामलों को सक्षम स्तर से अनुमोदन लेकर जल्द से जल्द निस्तारण करें।

बैठक में संभागीय आयुक्त ने चिकित्सा अधिकारियों से चिकित्सकीय ढांचे को मजबूत करने के लिए सुझाव भी लिये। उन्होंने कहा कि सीएसआर एवं विधायक कोटे के धन का सदुपयोग कर भी अपने चिकित्सालय एवं केन्द्रों पर एंबुलेंस, उच्च स्तरीय जांच एवं चिकित्सकीय उपकरण से आमजन के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त प्रवीण कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत जेगला, पंचायत समिति पाँचू (बीकानेर)

क्रमांक:- दिनांक:-

(ई-निविदा:-.....)

राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायतीराज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का दोष निवारण एवं उसके सुधार(डिफेक्ट लाईबिलिटी पिरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णत्ता के पश्चात दो वर्ष तक रहेगा, के लिए ग्राम पंचायत जेगला द्वारा निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम संख्या	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा शुल्क	प्रासेसिंग शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी संस्था का नाम
1.	चरागाह विकास हेतु टयूबवैल निर्माण एवं अन्य विकास कार्य जेगला	1500000	30000	500	500	1वर्ष	ग्राम पंचायत जेगला

उक्त निविदा प्रपत्रों निविदा प्रपत्रों का वेबसाईट sppp/rajasthan gov.in & http// eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है एवं वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदक द्वारा इलेक्ट्रोनिक फोरमेट से वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर निर्धारित दिनांक तक निविदा हेतु आवश्यक समस्त दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं।

Publishing date & time	26.02.2024 11.00AM
Bid document downloding start date & time	26.02.2024 11.00AM
Website for downloading tender document	htt// eproc.rajasthan.gov.in
Tender document submission start date & time	26.02.2024 11.00AM
Tendercocument download end date &time	4.03.2024 6.00PM
Tender document submission end date & time	4.03.2024 6.00PM
Offline document & D.D. submission end date &	5.03.2024 1.00PM
time Tender opening date & time	5.03.2024 3.00PM
Bid validity period	days from date of submission
D.L.P.	2years from completion of work

नोट:-प्रोसेसिंग शुल्क डी.डी.MD RISL, JAIPUR के नाम से व निविदा शुल्क और अमानत राशि की डी.डी. सरपंच ग्राम पंचायत जेगला के नाम से देय होनी चाहिए। अन्य शर्तें व नियम व विवरण वेबसाईट sppp/ rajasthan gov.in & http//eproc.rajasthan.gov.in पंचायत समिति पाँचू एवं ग्राम पंचायत जेगला कार्यलय समय में दे`खे जा सकते है। डिमाण्ड ड्राफ्ट कार्यालय ग्राम पंचायत जेगला में निर्धारित तिथी को निश्चित समय तक पहुंचाने पर ही निविदा खोली जायेगी।

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा
पं.स.पांचू, जिला बीकानेर

सरपंच
ग्राम पंचायत जेगला पन्ना दरोगा
पं.स.पांचू, जिला बीकानेर